A2/3

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर
पीठासीन अधिकारी – श्रीमती रीना छींम्पा, R.A.S.
Camp- Tatarsar

वादपत्र संख्या 113 / 2018
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम

फूला उर्फ मनफूलराम आत्मज श्री मलूराम, जाट, ततारसर तहसील व जिला श्रीगगानगर

...वादी

बनाम

राज्य सरकार द्वारा तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर.

..प्रतिवादीगण

उपस्थित– श्री फूला उर्फ मनफूलराम (वादी)
पैरोकार राज (प्रतिवादी)

दिनांक 20 जून, 2018

– निर्णय –

वादपत्र के तथ्यों के अनुसार चक 31 जी.जी. तहसील व जिला श्रीगंगानगर के खाता संख्या 87 में मुरब्बा नम्बर 12(0.329) हैक्टर कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख जमाबन्दी में वादी का नाम फूला पुत्र मलूराम, खाता संख्या 31 मुरब्बा नम्बर 4(0.228) हैक्टर कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख जमाबन्दी में वादी का नाम फूलाराम एर्फ मनफूल पत्र मलूराम, खाता संख्या 30 मुरब्बा नम्बर 20(0.936) हैक्टर कृषि भूमि के राजस्व अभिलेख जमाबन्दी में वादी का नाम फूला उर्फ मनफूल वल्द मलूराम दर्ज है. वादी का सही नाम फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र श्री मलूराम है जिसकी घोषणा कर राजस्व अभिलेखों में वादी का नाम फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र श्री मलूराम दर्ज करने का निवेदन किया गया. वादपत्र के तथ्यों के समर्थन में सरपंच, ग्राम पंचायत, ततारसर द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिनांक 19 जून, 2018, परिवार राशनकार्ड स्रख्या 00140, वादी के नाम पर जारी आधार कार्ड संख्या 6669 1930 3067, वादी के नाम पर जारी निर्वाचन चुनाव पहचानपत्र संख्या RGR/0629410 की चित्रित एवं स्वःप्रमाणित प्रतियां एवं राजस्व अभिलेख जमाबन्दी सम्बत् 2069–2072 की प्रमाणित प्रतियां संलग्न प्रस्तुत की गयी.

प्रतिवादी राज्यपक्ष की ओर से कैम्प में उपस्थित पैरोकार राज द्वारा पटवारी हल्का, ततारसर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन जिसक अनुसार फूला उर्फ मनफूल पुत्र मलूराम एवं फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र मलू राम एक ही व्यक्ति के नाम हैं, को हस्ताक्षरित किया गया.

कैम्प में उपलब्ध गांव के प्रतिष्ठि व्यक्तियों द्वारा भी यह तथ्य कि फूला उर्फ मनफूल पुत्र मलूराम, जाट एवं फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र मलूराम एक ही व्यक्ति के नाम है, की तस्दीक हस्ताक्षरित की गयी.

पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों एवं अभिलेखीय साक्ष्यों का अवलोकन किया गया.

A2
4

अभिलेखीय साक्ष्य स्वरूप चक 31 जी.जी. के राजस्व अभिलेख जमाबन्दी सम्बत् 2069–2072, सरपंच, ग्राम पंचायत, ततारसर द्वारा जारी प्रमाणपत्र दिनांक 19 जून, 2018, परिवार राशनकार्ड स्रख्या 00140, वादी के नाम पर जारी आधार कार्ड संख्या 6669 1930 3067, वादी के नाम पर जारी निर्वाचन चुनाव पहचानपत्र संख्या RGR/0629410 की चित्रित एवं स्वःप्रमाणित प्रतियां एवं कैम्प में उपलब्ध गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षरित तस्दीक के अनुसार वादी अपने सही नाम फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र श्री मलूराम, जाट, 31 जी.जी. की घोषणा करवाने का अधिकारी है.

।। आदेश ।।

वादपत्र स्वीकार किया जाता है तथा वादी का सही नाम फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र श्री मलूराम, जाट, घोषित किया जाता है. यथा डिक्री जारी हो.

निर्णय खुले लोक अदालत न्यायालय कैम्प– ततारसर में आज दिनांक 20 जून, 2018 को सुनाया जाकर मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.

(श्रीमती रीना छीम्पा)
सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
श्रीगंगानगर.

A2
5

डिक्री

(order 20 rule 6-7 CPC)

न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक), श्रीगंगानगर
पीठासीन अधिकारी – श्रीमती रीना छीम्पा, R.A.S.

फूला उर्फ मनफूलराम आत्मज श्री मलूराम, जाट, ततारसर तहसील व जिला श्रीगंगानगर

...वादी

बनाम

राज्य सरकार द्वारा तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर.

..प्रतिवादीगण

वाद वादपत्र संख्या 113/2018
अन्तर्गत धारा 88 राज. काश्तकारी अधिनियम

वादी स्वय एव। पैरोकार राज की उपस्थिति में आदेश दिया जाता है कि –

वादी का सही नाम फूला उर्फ मनफूलराम पुत्र श्री मलूराम, जाट, घोषित किया जाता है.

वाद व्यय शून्य वास्ते....शून्य......खर्चा इस प्रकरण पर हुऐ व्यय मय ब्याज...शून्य... ....दर वार्षिक ...शून्य........आज की तिथि से वसूली दिवस तक अदा करें.

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 20 जून, 2018 को जारी की गयी.

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक)
श्रीगंगानगर.

वादी	**राशि (00.00)**	**प्रतिवादी**	**राशि (00.00)**
स्टाम्प वादपत्र	00.00	स्टाम्प वकालतनाम	00.00
स्टाम्प वकालतनाम	00.00	स्टाम्प आवेदनपत्र	00.00
स्टाम्प अभिलेखीय साक्ष्य	00.00	वकील शुल्क	00.00
वकील शुल्क	00.00	व्यय साक्षीगण	00.00
व्यय साक्षीगण	00.00	आयुक्त शुल्क	00.00
आयुक्त शुल्क	00.00	व्यय इजराय	00.00
कुल	**00.00**	**कुल**	**00.00**